CONSAM™

आवश्यक दिशानिर्देश > कैलेंडर 2026-27

1. सभी रेफरेंस नंबरों कि समीक्षा कर ली गयी है एवं कैलेंडर के सभी डेट एवं वार सही हैं.

2. कैलेंडर में वर्णित सभी छुट्टियां, बिहार सरकार के क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए बने अधिसूचित कैलेंडर में वर्णित छुट्टियों से मेल खाती हैं. अतः स्पष्ट है कि छुट्टियों का डेट सही है. उल्लेखनीय है कि हमारे छुट्टियों को बिहार सरकार के कैलेंडर से सिर्फ इसलिए मिलाया गया है क्यूंकि हमारे कार्यालय एवं फैक्ट्री बिहार राज्य अंतर्गत पड़ते हैं न कि हमारे छुट्टियों की सूची में वह सभी छुट्टियाँ होनी चाहिए जो बिहार सरकार के कैलेंडर में वर्णित हैं. उल्लेखनीय यह भी है की फैक्ट्री एक्ट के अनुसार कुल छुट्टियाँ 16 हैं एवं N.I. एक्ट, जो बैंकों पर लागू है के अनुसार लगभग 21 छुट्टियाँ होती हैं जबकि हमारे कैलेंडर के अनुसार कुल छुट्टियाँ 18 हैं (सामान्य – 16 एवं प्रतिबंधित – 2 जो स्वीकृत हो सकती हैं). उल्लेखनीय है कि किसी भी एक्ट को सभी पहलुओं पर सोच विचार कर ही बनाया जाता है.

3. सामान्य एवं प्रतिबंधित छुट्टियों की सूची:

सामान्य छुट्टियाँ					
क्र	दिनांक	छुट्टियाँ	क्र	दिनांक	छुट्टियाँ
01	~~21/03/2026~~	~~ईद-उल-फितर~~	09	20/10/2026	दुर्गा-पूजा
02	01/05/2026	मजदूर दिवस	10	08/11/2026	दिवाली
03	28/05/2026	बकरीद	11	15/11/2026	छट-पूजा
04	26/06/2026	मुहर्रम	12	16/11/2026	छट-पूजा
05	15/08/2026	आजादी दीवस	13	01/01/2027	नव-वर्ष
06	17/09/2026	विश्वकर्मा पूजा	14	26/01/2027	गणतंत्र-दिवस
07	02/10/2026	गाँधी जयंती	15	22/03/2027	होली
08	19/10/2026	दुर्गा-पूजा	16	23/03/2027	होली
प्रतिबंधित छुट्टियाँ					
01	~~04/02/2026~~	~~शब-ए-बरात~~	05	14/01/2027	मकर सक्रांति
02	29/05/2026	बकरीद	06	11/02/2027	बसंत पंचमी
03	27/06/2026	मुहर्रम	07	06/03/2027	महा शिवरात्रि
04	28/08/2026	रक्षाबंधन			

4. **प्रतिबंधित छुट्टियों के नियोजन कि आवश्यकता:** वर्ष 2012-13 से इसलिए सामान्य एवं प्रतिबंधित छुट्टियों का प्रावधान लागू किया गया है ताकि प्रतिष्ठान के कार्य की हानि न हो एवं सभी वर्ग के कर्मचारी/अधिकारी/निदेशक अपने धर्म के अनुसार प्रतिबंधित छुट्टियों में धार्मिक दायित्वों का निर्वाहन कर सकें.

5. **प्रतिबंधित छुट्टियों की अधिकतम सीमा एवं अन्य:** सामान्य छुट्टियों में सभी कर्मचारी/अधिकारी/निदेशक छुट्टी लेंगे एवं प्रतिबंधित छुट्टियों में छुट्टी लेने के लिए एक कर्मचारी/अधिकारी/निदेशक को लिखित में पूर्व-जानकारी देने की आवश्यकता पड़ेगी. प्रतिबंधित छुट्टियों से एक कर्मचारी/अधिकारी/निदेशक को ज्यादा वितीय वर्ष 2021-22 से 3 की जगह 2 ही छुट्टियों का लाभ मिलेगा एवं छुट्टी (प्रतिबंधित/सामान्य) में एक कर्मचारी/अधिकारी/निदेशक कम से कम 6 घंटे कार्य करेंगे तभी छुट्टी के लिए अतिरिक्त वेतन मिलेगा.

6. **पूर्व मंजूर छुट्टी के नियम:** अगर एक कर्मचारी/अधिकारी/निदेशक पूर्व में छुट्टी अनुमोदित करवाते हैं तब उन्हें छुट्टी के अवधि में पड़ने वाला सामान्य एवं/या प्रतिबंधित छुट्टी का लाभ मिलेगा बशर्ते अगर एक एक कर्मचारी/अधिकारी/निदेशक छुट्टी के एक दिन पहले या बाद में उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है कि अगर एक कर्मचारी बीच में पड़ने वाले छुट्टी के एक दिन पहले या बाद में उपस्थित नहीं हैं तब उन्हें उक्त छुट्टी का लाभ नहीं मिलेगा.

7. **साप्ताहिक छुट्टी के लाभ का शर्त:** ~~एक कर्मचारी/अधिकारी/निदेशक को एक साप्ताहिक छुट्टी का लाभ तब ही मिलेगा जब वह उस सप्ते में कम से कम 4 दिनों तक कार्यरत रहें!~~ संशोधन दिनांक 03/MAY/2017: क्यूंकि वेतन की गणना महीने के दिनों के विपरीत महीने के दिनों में से साप्ताहिक छुट्टियों को घटाने के उपरांत शेष बचे दिनों से विभाजित कर निकाली जाएगी अतः पूर्व में लिखे नियम को निरस्त किया जा रहा है.

8. **छुट्टियों में कार्य कर ऑवर-टाइम बना अपने कार्य को आगे बढ़ाने का नियम:** पूर्व प्रावधान जिसके अंतर्गत अवकाश अवधि में प्रतिदिन न्यूनतम 6 घंटे कार्य कर कार्य-समायोजन/ओवर-टाइम की अनुमति थी, उसे इस आधार पर निरस्त किया जाता है कि वर्तमान में Half-Day एवं Full-Day का वर्गीकरण लागू है, Appraisal हेतु Work Hours एक महत्वपूर्ण मापदंड बन चुका है, CONSAM Constitution के Clause 25/195/03 [1.5 एवं 2 डे-शिफ्ट की प्रयोज्यता] के अंतर्गत अतिरिक्त कार्य पर 1.5 अथवा 2 दिनों के वेतन की व्यवस्था उपलब्ध है, तथा नियंत्रक द्वारा माह में अधिकतम 4 दिनों तक आवश्यकतानुसार कम कार्यावधि के बावजूद Half-Day/Full-Day अंकन किया जा सकता है; अतः अब अवकाश अवधि में कार्य समायोजन (Work Adjustment) केवल Online Attendance Software पर संबंधित नियंत्रक/प्राधिकृत अधिकारी की स्वीकृति (Approval) के अधीन ही मान्य होगा — Ref # CIL-CEO-EMM.25.248.01

9. **मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर उपरोक्त नियम व शर्त के लागू होने के संबंध में:** उपरोक्त नियम व शर्त वर्ष 2013-14 से मुख्य कार्यकारी पर भी लागू है.

10. **मुस्लिमों के त्योहारों हेतु आवश्यक नोट:** चांद के दृष्टीगोचर होने के अनुसार मुस्लिम त्योहारों के अवकाश कि तिथि में परिवर्तन हो सकता है.

CEO has REVIEWED this

(अनुमोदित)

31-MAR-2026
10:33 AM IST